संलग्नकः I

33

–::विद्या परिषद की गत बैठक (06.08.2014) में लिये गये निर्णय के संबंध में सुझाव एवं संशोधनः:–

कार्यसूची क्रमांक	सुझाव एवं संशोधन हेतु निर्देश
कृ.वि.वि.जो. / वि.प.–1 / 2014 / 02	कृषि विश्वविद्यालय,जोधपुर के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक रिक्त पदों पर भर्ती एवं चयन हेतु राज्य सरकार से अनुमोदन एवं स्वीकृति। **निर्णयः–** **गत बैठक के निर्णय के अनुसार रिक्त पदों को भरने हेतु कार्यवाही प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित हैं । कृषि डिप्लोमा संस्थान लाडनुं, को अस्थायी तौर पर स्थानांतरित करना था। अतः कमेटी रायपरांत इस संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही की जावे।**
कृ.वि.वि.जो. / वि.प.–1 / 2014 / 03 एवं 04	विश्वविद्यालय के शैक्षणिक (असिस्टेंट प्रोफसेर, सह–प्रोफसर,प्रोफेसर अथवा इनके समकक्ष) पदों पर नियुक्ति हेतु वांछनीय योग्यता एवं अन्य मानकों का निर्धारण **निर्णयः– गत बैठक के निर्णय की पुष्टि की गई**
कृ.वि.वि.जो. / वि.प.–1 / 2014 / 05	कृषि संकाय में बोर्ड ऑफ स्टडीज तथा पाठ्यक्रम समिति के गठन हेतु विचारार्थ **निर्णयः–** **गत बैठक के निर्णयानुसार संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यवाही शीघ्र कर 7 दिवस के भीतर संकाय अध्यक्ष को सूचित करे।**
कृ.वि.वि.जो. / वि.प.–1 / 2014 / 06	1.कृषि डिप्लोमा के पाठ्यक्रम में बदलाव इत्यादि पर विचारार्थ 2.कृषि डिप्लोमा प्राप्त विद्यार्थीयों को रोजगार एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु कृषि स्नात्तक प्रथम वर्ष उत्तीर्ण के समकक्ष मान्यता प्रदान करने बाबत् **निर्णयः–** **1.सभी सदस्यों ने सुझाया हैं कि पाठ्यक्रम को यथावत रखा जावें।** **2.रोजगार हेतु मान्यता प्रदान करने के लिए राज्य सरकार को प्रकरण प्रेषित किया जावें । उच्च अध्ययन हेतु सभी विद्यार्थीयों को बी.एससी. (कृषि) द्वितीय वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु योग्य माना जावें।**
कृ.वि.वि.जो. / वि.प.–1 / 2014 / 08	सेमीनार, संगोष्ठी, परिसंवाद, ट्रेनिंग, समर स्कूल, विंटर स्कूल आदि में भाग लेने हेतु निदेशक मानव संसाधन विकास से स्वीकृति प्राप्त करने हेतु विचारार्थ।

(32)

	निर्णयः– सभी अधिष्ठाता, निदेशक, क्षेत्रीय निदेशक, कार्यक्रम समन्वयक, प्रभारी अधिकारी, परियोजना समन्वयक इत्यादि अपने अधीनस्थ शिक्षकों द्वारा सेमीनार, संगोष्ठी, परिसंवाद, ट्रेनिंग,समर स्कूल, विंटर स्कूल आदि में भाग लेने हेतु प्रार्थना पत्र निदेशक मानव संसाधन को स्वीकृति की अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करेंगे। निदेशक मानव संसाधन विकास, टिप्पणी पश्चात् प्रार्थना पत्र कुलसचिव को अग्रिम आदेशार्थ प्रस्तुत करेंगे।
कृ.वि.वि.जो. / वि.प.–1 / 2014 / 13	कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, सुमेरपुर–पाली के क्रमोन्नयन के विचारार्थ हेतु निर्णयः– विद्या परिषद से सम्बन्धित नहीं हैं।
कृ.वि.वि.जो. / वि.प.–1 / 2014 / 15	विद्यार्थीयों को स्वास्थ्य बीमा की सुरक्षा प्रदान करवाने पर विचारार्थ निर्णयः– केन्द्र सरकार द्वारा बीमा सुरक्षा योजना के तहत दी जाने वाली बीमा योजना एवं अन्य एजेंसीयों से संपर्क कर विद्यार्थीयों को स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा संबंधी लाभ प्रदान करने हेतु निदेशक छात्र कल्याण आवश्यक कार्यवाही करें।
कृ.वि.वि.जो. / वि.प.–1 / 2014 / 16	विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर पुस्तकालय की स्थापना हेतु प्रावधान बनाये जाने पर विचारार्थ। निर्णयः– विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर पुस्तकालय की स्थापना के प्रावधान हेतु राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जावें। सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों द्वारा पुस्तकालयों में पुस्तकें, जरनलस इत्यादि भेंट की गई। इस संबंध में माननीय कुलपति महोदय ने दानदाताओं, डॉ. अमर सिंह फिडौदा (पूर्व अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मण्डल) एवं डॉ. सुभाष भार्गव (प्रोफेसर, राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर) का आभार प्रकट करने हेतु पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देश दिये गये।
कृ.वि.वि.जो. / वि.प.–1 / 2014 / 20	कृषि विश्वविद्यालय,जोधपुर हेतु भूमि आवंटन। निर्णयः– कृषि विश्वविद्यालय,जोधपुर हेतु भूमि आवंटन के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार के पास विचाराधीन हैं। संबंधित अधिकारी पुनः स्मरण पत्र प्रेषित करें।

(31) (1)

कृ.वि.वि.जो. / वि.प.–1 / 2014 / 21	कृषि विश्वविद्यालय,जोधपुर के कार्मिकों की संतानों हेतु बी.एससी.(एग्री) प्रथम वर्ष में 5 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान को अनुमोदनार्थ **निर्णयः–** **इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण निसतारित हो चुका । तदअनुसार कार्यवाही हो।**

सचिव
(निदेशक शिक्षा)

कुलपति महोदय

अनुमोदित
19.10.15